ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ :
Registration No. :

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

X1 – 2025

| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code | 03 (NS) |
|---|---|

# ಹಿಂದಿ / HINDI

[ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆಗಳು] [ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 42] [ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80]

[Time : 3 Hours] [Total No. of questions : 42] [Max. Marks : 80]

*सूचना :* 1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।*

2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।*

3. *प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ', इन चार खण्डों में विभाजित है।*

4. *खण्ड – 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।*

## खण्ड – 'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **(10 × 1 = 10)**

1) कितने महीने पहले सुजान भगत के द्वार से भिक्षुक निराश होकर लौटा था –

i) पाँच महीने ii) छः महीने

iii) सात महीने iv) आठ महीने

2) महानगरों में रहनेवाले लोग यह भूल गये हैं –

i) पडोस–कल्चर ii) पडोस– संघर्ष

iii) पडोस–मतभेद iv) पडोस–स्नेह

P.T.O.

https://www.karnatakaboard.com

3) 'कृष्णराज-सागर' बाँध किस नदी पर है -

i) कृष्णा ii) भीमा

iii) कावेरी iv) तुंगभद्रा

4) जापानी भाषा में जिसे 'जो' कहते है, उसे हिंदी भाषा में कहते हैं -

i) मंदिर ii) इकी

iii) स्टेशन iv) किला

5) बेटी इन्हें गहने मानती है -

i) पिता के पितृत्व को ii) माँ के मातृत्व को

iii) अपने कपडों को iv) स्नेह को

6) राणा की हुंकार इस राज्य में सुनाई देती है -

i) महाराष्ट्र ii) कर्नाटक

iii) राजस्थान iv) पंजाब

7) 'सुखी डाली' एकांकी के लेखक हैं -

i) उपेंद्रनाथ अश्क ii) डॉ. रामकुमार वर्मा

iii) उपेंद्रनाथ शर्मा iv) उपेंद्रनाथ यादव

8) मिश्रानी इतने वर्षो से मूलराज के परिवार में काम कर रही थी -

i) तीन वर्ष ii) पाँच वर्ष

iii) सात वर्ष iv) दस वर्ष

9) मन्नू भंडारी के पति का नाम है -

i) देवेंद्र यादव ii) राजेंद्र यादव

iii) सुरेंद्र यादव iv) नगेंद्र यादव

10) 'बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा।' वाक्य किस पाठ का है?

i) कर्तव्य और सत्यता ii) चीफ़ की दावत

iii) सुजान भगत iv) भोलाराम का जीव

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : (5 × 1 = 5)

(सेवा, कावेरी, मेहनत, नारा, फुलकारियाँ, उदासी)

11) ____________ तो गाँव के सभी किसान करते थे।

12) रेल से ____________ पहुँचने में बहुत वक्त नहीं लगा।

13) औरते ____________ बनाती हैं।

14) उस दिन दक्षिण की ____________ बहन मिली थी।

15) ____________ करने से चरित्र बनता है।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (5 × 1 = 5)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16) a) | आँख रखना | i) | उपेक्षा करना |
| b) | मुँह फेरना | ii) | निगरानी करना |
| c) | टोपी उछालना | iii) | बहुत प्रसन्न होना |
| d) | फूले न समाना | iv) | एक मात्र सहारा |
| e) | दिन फिरना | v) | अपमानित करना |
| | | vi) | भाग्य पलटना |

## खण्ड – 'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

17) 'गंगा मैया से साक्षात्कार' पाठ के अनुसार समाज में कौन–कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

18) विश्वेश्वरय्या के गुण–स्वभाव का परिचय दीजिए।

19) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?

20) जापान के 'शिन्कान्सेन' पर टिप्पणी लिखिए।

https://www.karnatakaboard.com

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

21) 'अब तक जिस घर में राज किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता'।

22) 'मैं काली हूँ। बचपन में दुबली और मरियल भी थी'।

23) 'इनकम होती तो टैक्स होता। भुखमरा था'।

24) 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे'।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

25) गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं?

26) अहंकार के संबंध में रहीम के विचार अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

27) 'कायर मत बन' कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

28) पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि के विचार लिखिए।

29) 'हो गई है पीर पर्वत सी' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

30) i) प्रभुजी तुम मोती, हम थागा,
जैसे सोने मिलत सुहागा।
प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा
ऐसी भगति करै रैदासा।।

अथवा

ii) जपमाला छापा तिलक, सरै न एकौ कामु
मन-काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु।।

https://www.karnatakaboard.com

31) i) वे मुस्काते फुल, नहीं -
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं -
जिनको भाता है बुझ जाना;

अथवा

ii) उत्तर में उत्तर प्रदेश, काशी, प्रयाग, हरिद्वार जहाँ।
मलिक मुहम्मद के, कबीर के, तुलसी के उद्गार जहाँ।
बद्रीनाथ, केदारनाथ-से, तीर्थों का यह स्थल पावन
माखन भोग लगाने वाला, कृष्ण कन्हैया मनभावन।।

https://www.karnatakaboard.com

## खण्ड - 'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1 × 5 = 5)

32) i) मूलराज के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

ii) बेला की मानसिक दशा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1 × 4 = 4)

33) i) 'प्रतिशोध' एकांकी के लेखक का संक्षिप्त परिचय देकर एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

ii) संस्कृत के महाकवि भारवि की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

https://www.karnatakaboard.com

## खण्ड – 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (3 × 1 = 3)

34) i) उसे दिखावा नहीं रूचती है।

ii) मन में ऐसा शक्ती है।

iii) ऐसा कभी नहीं हुई थी।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (3 × 1 = 3)

35) i) यात्री गंगा में स्नान कर रहे हैं। (भविष्यतकाल में बदलिए)

ii) उस रोगी का शरीर बहुत दुर्बल था। (वर्तमानकाल में बदलिए)

iii) इस दिशा में काम शुरु हो जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (3 × 1 = 3)

36) i) अभिनेता

ii) वधु

iii) औरत

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (3 × 1 = 3)

37) i) सदा रहनेवाला

ii) जिसका रूप अच्छा न हो

iii) प्रशंसा करने योग्य

https://www.karnatakaboard.com

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : **(2 × 1 = 2)**

38) i) दूषण

ii) शासन

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : **(2 × 1 = 2)**

39) i) स्वच्छता

ii) कहानियाँ

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

40) रिपोर्ताज आधुनिक युग में विकसित एक गौण गद्य-विद्या है। इसका उदय द्वितीय महायुद्ध के समय युद्ध की घटनाओं के रिपोर्ट या विवरण प्रस्तुति के अंतर्गत एक साहित्यिक विधा के रूप में हुआ था। यह विधा समाचार पत्रों की देन है। रिपोर्ताज फ्रांसीसी भाषा का शब्द है। यह अंग्रेजी के रिपोर्ट का हिंदीकरण है। इसका जन्म 1936 ई. में उस समय हुआ, जब अमेरिकी लेखक इलिया एहटेनबर्ग द्वारा अनेक रिपोर्ताज लिखे गये। हिंदी साहित्य में इस विधा का प्रारंभ 'रूपाभ' पत्रिका में प्रकाशित 'शिवदान सिंह चौहान' की रचना लक्ष्मीपुरा से होता है।

प्रश्न :

i) इलिया एहटेनबर्ग किस देश के रचनाकार है?

ii) रिपोर्ताज किसकी देन है?

iii) शिवदान सिंह चौहान के रिपोर्ताज का नाम क्या है?

iv) रिपोर्ताज मूलत: किस भाषा का शब्द है?

https://www.karnatakaboard.com

आ) निबंध लिखिए: (1 × 4 = 4)

41) i) खेल जगत में क्रिकेट का स्थान।

अथवा

ii) चरित्र-प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने कॉलेज के प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (3 × 1 = 3)

42) i) ಭಾಷೆಯು ಸರಳವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗುವಂತಿರಬೇಕು.

Language should be simple and easy to understand.

ii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೆ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

There is no success without hardwork.

iii) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನವಾಗಿದೆ.

Tomorrow will be the last day of the month.

---

https://www.karnatakaboard.com